**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**आर्थिक कार्य विभाग**
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1033
(जिसका उत्तर सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

## सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड

1033. **श्री मड्डीला गुरुमूर्तिः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड जारी करने के संबंध में स्थिति और भावी योजनाएं क्या हैं;
(ख) क्या इन बांडों से जुटाई गई निधि का उपयोग संपोषणीय और हरित परियोजनाओं के लिए किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर इन बांडों का क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) से (ग): भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड जारी करके क्रमशः 16,000 करोड़ रुपये और 20,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (01 अप्रैल, 2024 से 30 सितंबर, 2024) के ऋण कैलेंडर में सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड के माध्यम से 12,000 करोड़ रुपये की राशि जुटाने के लिए अधिसूचित किया है। इन बॉन्डों से प्राप्त राशि को मंत्रालयों/विभागों की पात्र हरित योजनाओं/परियोजनाओं जैसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, आवासन और शहरी कार्य, रेल आदि के तहत आबंटित/उपयोग किया गया था जिससे भारत सरकार द्वारा जारी सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड के रूपरेखा के अनुसार इन प्राप्तियों को सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं में लगाया जा रहा है जिससे अर्थव्यवस्था की कार्बन इंटेसिटी को कम करने में मदद मिलती है।

*****